दिनांकः 24.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 17वें रोज़गार मेले का आज देशभर में 40 स्थानों पर आयोजन– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधन के साथ 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज जैसलमेर सैन्य स्टेशन में कमांडर सम्मेलन की शुरूआत करेंगे–उन्होंने कल शौर्य पार्क का उद्‌घाटन किया।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव की संभावना–26 से 30 अक्टूबर तक कोटा और उदयपुर संभाग में हल्की बारिश के आसार।
- आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में, भारत ने न्यूज़ीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

000

देशभर में आज 40 स्थानों पर 17वें रोज़गार मेले का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे होने वाले इस समारोह में 51 हज़ार से ज़्यादा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से युवाओं को संबोधित भी करेंगे। भारतीय डाक मंडल की ओर से आयोजित इस मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नौकरी के लिए युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये जाएंगे। रोज़गार मेले के राष्ट्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और अजय टम्टा भी शामिल होंगे।

विभिन्न राज्यों में होने वाले कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे। जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी शिरकत करेंगे। केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों के साथ मिलकर युवाओं के लिए लगातार रोज़गार के अवसर सृजित कर रही है। इससे विकसित भारत के संकल्प को नई गति मिलेगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के पास 4जी सेवाएं शुरू करने के लिए पूरी तरह स्वदेशी टेक्नोलोजी है। इसके साथ ही भारत दुनिया के उन पांच देशों में शामिल है, जिनके पास ये तकनीक है। प्रधानमंत्री एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत में एक जीबी वायरलैस डेटा की कीमत एक कप चाय से भी कम है और इसमें स्टार्टअप्स की बहुत बड़ी भूमिका है।

..............

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, उसे सिर्फ स्थगित किया गया है। श्री सिंह ने कल जैसलमेर में आर्मी स्टेशन पर आयोजित बड़ा खाना में शिरकत की। इस अवसर पर सैन्य अधिकारी और जवानों को संबोधित करने हुए रक्षामंत्री ने कहा कि दुश्मनों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखनी होगी और उन्हें रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे।

..............

रक्षामंत्री कल शाम जैसलमेर पहुंचे। श्री सिंह ने नये विकसित किये गये शौर्य पार्क का उद्‌घाटन किया। उन्होंने वॉर म्यूजियम में लाइट एण्ड साउंड शो का भी शुभारंभ किया।

रक्षामंत्री आज तनोट पहुंचेंगे। वे शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद उनका लोंगेवाला जाने का कार्यक्रम है। रक्षामंत्री जैसलमेर सैन्य स्टेशन पर सेना की कमांडर कॉन्फ्रेन्स की शुरूआत करेंगे।

000

जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की आज जेल परिसर में ही सुनवाई होगी। इसके लिए लद्दाख संघ का तीन सदस्यीय एडवाइजरी बोर्ड जोधपुर पहुंच गया है। गौरतलब है कि सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक को 27 सितम्बर को लेह में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें जोधपुर जेल में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है।

000

राज्य सरकार ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी छोटूलाल शर्मा को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग की ओर से इस बारे में कल आदेश जारी किये गये। संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आर.ए.एस. शर्मा का निलंबन प्रशासनिक कारणों से किया गया और निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय सचिवालय रहेगा। गौरतलब है कि शर्मा के द्वारा पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ की गई अभ्रदता के खिलाफ ये कार्रवाई की गई।

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार नाम वापसी की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है। इसके बाद ही इस सीट से उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो जाएगी। वहीं उपचुनाव के लिए 21 प्रत्याशियों द्वारा 32 नामांकन पत्र भरे गये। इन नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया कल पूरी हुई। कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया का पर्चा खारिज हो गया। इसके बाद मैदान में अब 20 प्रत्याशी बचे हैं। कांग्रेस की ओर से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में अब प्रमोद जैन भाया हैं। भाजपा की ओर से मोरपाल सुमन मैदान में हैं वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं।

000

प्रदेश में एक बार फिर पश्चिम विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक रोधश्याम शर्मा के अनुसार 26 से 30 अक्टूबर के दैरान कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। तापमान में विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं।

..............

बीते 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा। अधिकतर स्थानों पर रात के समय हल्की सर्दी का असर रहा। सबसे कम साढे 12 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर में दर्ज हुआ। 20 शहरों में रात का बारा 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

000

कोटपूतली–बहरोड़ एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण रोकथाम के लिए एक्शन प्लान लागू किया गया है। इसके तहत विशेष निगरानी दल गठित किये गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये दल औद्योगिक इकाईयों और निर्माण स्थलों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

..............

000

बाड़मेर जिले में कल एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटना धोरीमन्ना इलाके के सुरते की बेरी गांव में बस और कार की टक्कर से हुई। हादसे में कार सवार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

उधर, सवाईमाधोपुर जिले में कोटा–लालसोट मेगा हाइवे पर बस की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दम्पत्ती घायल हो गये। इनमें उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

000

आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप में, भारत ने कल न्यूज़ीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गये इस मैच में भारत ने न्यूज़ीलैंड को 53 रनों से मात दी।

भारतीय सलामी बल्लेबाज़ प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना के शानदार शतकों की बदौलत भारत ने इस मैच में 49 ओवर में 3 विकेट पर 340 रन बनाए। इस जीत के साथ, भारत के अब छह अंक हो गए हैं।

000